# PRESS CLIPPINGS

Date : 17th June 2014

Sub: IUJ inaugurated 3rd Batch of PhD program in Management on 16th June 2014

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com



# इक्फाई विवि में पीएचडी का तीसरा बैच शुरू



इक्फाई विश्वविद्यालय के तीसरे बैच के सदस्यों के साथ फैकल्टी मेंबर.

## 60 फीसदी उद्योग जगत के सदस्य

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के अशोकनगर स्थित कैंपस में पीएचडी प्रोग्राम (पार्टटाइम) के तीसरे बैच की शुरुआत हुई. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने पीएचडी स्कॉलरों का स्वागत करते हुए कहा कि पेशेवर लोगों के लिए 2012 से पीएचडी प्रोग्राम (पार्ट टाइम) की शुरुआत हुई. इस प्रोग्राम को काफी अच्छा रिस्पांस मिला है. पेशेवर लोग पीएचडी कर पा रहे हैं. इसका फायदा अनुसंधान एवं प्रकाशन में भी मिल रहा है.

तृतीय बैच के पीएचडी स्कॉलरों के प्रोफाइल को रेखांकित करते हुए प्रो राव ने कहा कि इसमें 60 प्रतिशत लोग उद्योग जगत से हैं. कुछ लोग शैक्षणिक कार्य में भी लगे हैं. पीएचडी करनेवालों में रांची, पुणे, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पटना के विद्यार्थी भी हैं. ये सभी ब्रिटिश सोल्यूशन, कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी, ईडयू हेल्प (यूके), झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, सेल, एमपी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संत जेवियर्स कॉलेज, शिवा शिवानी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी जैसे संस्थानों में कार्यरत हैं. इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो एए खान ने सही प्रश्न पूछने एवं समझने की योग्यता विकसित करने की सलाह दी. डॉ केके नाग ने कहा कि कठिन परिश्रम करें. डॉ वी प्रसाद ने कहा कि झारखंड से संबंधित मुद्दों को भी पीएचडी स्कॉलर अपने शोध के क्षेत्र में विकसित करें. डॉ एससी स्वेन ने प्रोग्राम तथा सेशन के बारे में जानकारी दी.

HINDUSTAN TIMES, RANCHI
TUESDAY, JUNE 17, 2014



Prof AA Khan, former V-C of Ranchi University, addresses students.
HT PHOTO

# PhD programme in management begins at ICFAI university

HT Correspondent
htjharkhand@hindustantimes.com

RANCHI: The third batch of the PhD programme in management was inaugurated at ICFAI University in Jharkhand (IUJ)'s campus on Monday.

Vice chancellor professor ORS Rao said, "In order to create new knowledge by way of research and publications, ICFAI has launched a PhD programme in management for working professionals which has received an excellent response from the industry and academia."

Rao highlighted that over 60% of the participants for the third batch were from the industry and rest from academics. "While 50% of them are from Ranchi, the others are from cities like Pune, Mumbai, Delhi, Hyderabad, Bangalore, Chennai and Patna," he added.

The PhD scholars are currently working in oraganisations like British Solutions, Cognizant Technologies, EduHelp (UK), ICICI Bank, Jharkhand State Mineral Development Corporation, Sanjyme, State Bank of Mysore, SAIL, MP Birla Institute of Management, St Xavier's College, Shiva Shivani Institute of Management, Ranchi College of Pharmacy among others. They have an average experience of 14 years and 15% of the scholars are women, Rao added.

He further said that the participants came from a multitude of educational backgrounds at the undergraduate level, like engineering, life sciences, law, psychology, pharma, IT, education etc.

Speaking on the occasion, Dr AA Khan, chief guest and member, board of governors of the university advised the scholars to cultivate a "questioning mind" with the ability to ask the "right" questions.

Dr KK Nag, member, board of governors advised the scholars to work hard with a sense of passion. Dr B M Singh, registrar of the university explained that the program was designed suiting the specific requirements of the working professionals.

मंगलवार, 17 जून 2014
हिन्दुस्तान 20

# इक्फाई में पीएचडी प्रोग्राम की लांचिंग




रांची। अशोक नगर स्थित इक्फाई विव में पीएचडी के तीसरे बैच की लांचिंग की गई। स्कॉलरों का स्वागत करते हुए विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि रिसर्च और प्रकाशन के लिए इस कोर्स की शुरुआत की गई है। थर्ड बैच के स्कॉलरों के प्रोफाइल को रेखांकित करते हुए प्रो राव ने कहा कि तीसरी बैच में भाग लेनेवालों में से 60 फीसदी लोग उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों से हैं। 50 फीसदी सीटें पुणे, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरू और चेन्नई और पटना से भरी जा रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विवि के पूर्व वीसी प्रो एए खान ने कहा कि क्वेस्टिंग माइंड को विकसित करने की सलाह दी। डॉ केके नाग ने स्कॉलरों को सलाह दी कि वह इस कोर्स में और बेहतर कर सकते हैं। कार्यक्रम को डॉ बी प्रसाद और डॉ बीएम सिंह ने भी संबोधिथ किया। इस मौके पर मेंबर रिसर्च बोर्ड डॉ हरिहरन, प्रो एसएस प्रसाद आदि मौजूद थे।

खबर मन्त्र

4 रांची. मंगलवार, 17 जून. 2014
web www.khabarmantra.com

# कारगर शोध के लिए सकारात्मक सोच जरूरी




उद्घाटन करते इक्फाइ विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव अन्य।

**पीएचडी के तीसरे बैच का शुभारंभ**

**खबर मन्त्र**

**रांची।** इक्फाइ विवि झारखंड में पीएचडी (पार्ट टाइम) कोर्स का तीसरा बैच सोमवार से आरंभ हो गया। विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने शोधकर्ताओं से कहा कि अनुसंधान तथा प्रकाशन में ज्ञान और विचारों की जरूरत होती है। शोध इस प्रकार होना चाहिए कि शिक्षा और उद्योग जगत को लाभ मिल सके। इस बैच में 60 फीसदी से ज्यादा लोग उद्योग तथा शैक्षणिक जगत से जुड़े हैं। मुख्य अतिथि रांची विवि के पूर्व कुलपति प्रो एए खान ने कहा कि सकारात्मक दिशा में पहल करें तो शोध ज्यादा कारगर होता है। मौके पर विवि के डॉ केके नाग, डॉ बी प्रसाद, डॉ बीएम सिंह, डॉ एससी स्वेन, डॉ हरिहरन, प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद ने मार्गदर्शन किया।

the pioneer
RANCHI | TUESDAY | JUNE 17, 2014
nation 02

## ICFAI VARSITY UNVEILS 2014 PhD PROGRAMME

**Ranchi:** The third batch of PhD programme (Part Time) in Management was inaugurated at the ICFAI University on Monday. Welcoming the third batch of PhD Scholars, Prof ORS Rao, Vice- Chancellor of the University, highlighted that in line with the focus of the University to create new knowledge by way of research and publications, it has launched PhD programme in Management for working professionals in 2012 and has been receiving excellent response from industry and academia.

रांची, 17 जून 2014 दैनिक जागरण | 15

## इक्फाई में पीएचडी का तीसरा बैच

रांची : इक्फाई विवि में पीएचडी के तीसरे बैच का उद्घाटन सोमवार को कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने की। उन्होंने कहा कि तीसरे बैच में 60 प्रतिशत लोग उद्योग जगत से हैं। कई लोग पुणे, मुंबई, दिल्ली आदि से आए हैं। विवि ने वर्ष 2012 में कार्यरत पेशेवरों के लिए पीएचडी प्रोग्राम शुरू किया गया। शिक्षा व उद्योग जगत से इसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

सन्मार्ग

रांची, मंगलवार, 17 जून 2014

www.sanmargjharkhand.com



# इक्फाई विवि में पीएचडी का तीसरा बैच शुरू



इक्फाई के टाइम प्रोग्राम के उद्घाटन में प्रो ओआरएस राव व अन्य।

**रांची** : अशोक नगर स्थित इक्फाई विवि में सोमवार को पीएचडी का पार्ट टाइम प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। प्रोग्राम का उद्घाटन करते हुए विवि के प्रो. ओ आर एस राव ने बताया कि तीसरे बैच में 60 प्रतिशत लोग उद्योग व शैक्षणिक विभागों से हैं। इस पीएचडी प्रोग्राम की संरचना वर्ष 2012 में कार्यरत पेशेवरों के लिए की गयी थी। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रांची विवि के पूर्व कुलपति प्रो. ए ए खान ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करना चाहिए। डॉ. बी प्रसाद ने कहा कि झारखंड से संबंधित मुद्दों तथा कठिनाई को भी स्कॉलर अपने शोध के क्षेत्र में शामिल करें। इस मौके पर डॉ. बी एम सिंह, डॉ. एस सी स्वेन तथा अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

रांची एक्सप्रेस
रांची, मंगलवार 17 जून 2014



# इक्फाई में पीएचडी प्रोग्राम के नए बैच का उद्घाटन




पीएचडी प्रोग्राम के नये बैच का उद्घाटन करते विशिष्ट जन। छाया : आसिफ

रांची, 16 (रां.ए.सं.) : इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के अशोक नगर स्थित कार्यालय में आज पीएचडी प्रोग्राम (पार्ट टाइम) के तीसरे बैच का उद्घाटन किया गया। कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहाकि अनुसंधान तथा प्रकाशन के द्वारा नये ज्ञान व क्षेत्र के लिए विवि ने वर्ष 2012 में कार्यरत पेशेवरों के लिए पीएचडी प्रोग्राम की शुरूआत की और औद्योगिक जगत से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।